विनय कुमार सिंह, भा.रा.से.
Vinay K. Singh, I.R.S.
मुख्य सतर्कता अधिकारी
Chief Vigilance Officer

सत्यमेव जयते

भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
(वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
Security Printing and Minting Corporation of India Ltd.
(Under Ministry of Finance, Govt. of India)

संदेश

मेरे लिए यह हर्ष का विषय है कि सभी सरकारी संगठनों के साथ-साथ एसपीएमसीआईएल में भी 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा निर्धारित विषय "भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" है।

सतर्कता जागरूकता का मुख्य उद्देश्य जनता और लोक सेवकों के मध्य भ्रष्टाचार के बारे में जागरूकता पैदा करना है ताकि इस कुरीति के निवारण के लिए सभी एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करें

आदर्श समाज में भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं है और हमें इसके उन्मूलन के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिएं। संगठन के संदर्भ में कंपनी के मूल मूल्यों पर संगठनात्मक जागरूकता पैदा करने और उसे कार्य व्यवहार में प्रदर्शित करने के लिए सतर्क व्यवहार की आवश्यकता है।

मैं सभी कर्मचारियों से सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 में पूर्ण मनोयोग से भाग लेने का अनुरोध करता हूं। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में सतर्कता को अपने संगठन में एक आदत और जीवन का तरीका बनाएं।

यह जानकर भी प्रसन्नता है कि सतर्कता विभाग इस आयोजन के साथ-साथ सूचनात्मक पत्रिका "सतर्कवाणी" के नौंवे अंक का प्रकाशन कर रहा है। मैं सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

(विनय कुमार सिंह)

16 वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली - 110 001
16th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi-110 001
फोन / Tel. : 91-11-43582260 फैक्स / Fax : 91-11-43582202, ई-मेल / E-mail : cvo@spmcil.com
वैब / Web : www.spmcil.com
CIN : U22213DL2006GOI144763